हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 2 जनवरी 2024
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

09 महाराणा प्रताप क्रिकेट : आखिरी गेंद तक जारी रहा फाइनल ...

10 हर माह एक करोड़ की चायपत्ती की हो रही खपत


## बस, ट्रक, टैंकरों के पहिये थमे, डीजल-पेट्रोल पंपों में लगी लंबी कतार

# वाहन चालक-परिचालकों की हड़ताल से हड़कंप


नंदा पेट्रोल पंप, मकई चौक रविवार रात्रि 9.30 बजे


नंदा पेट्रोल पंप, सोरिद चौक सोमवार शाम 6.00 बजे


काल टैक्स पेट्रोल पंप, बस्तर रोड सोमवार शाम 6.30 बजे

- दुर्घटना में मौत होने पर चालक को 10 साल की सजा तथा 7 लाख जुर्माने का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नये कानून में संशोधन को लेकर चालक-परिचालकों की तीन दिवसीय हड़ताल सोमवार से शुरू हो गई है। हड़ताल का प्रभाव पेट्रोल पंपों में साफ दिखाई पड़ रहा है। डीजल-पेट्रोल के लिए लोगों में आपाधापी मची हुई है। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के पेट्रोल पंपों में उपभोक्ताओं की लंबी कतार लगी हुई है। रविवार को इस खबर की भनक लोगों को लगते ही नगर सहित आसपास के पेट्रोल पंप में लोगों की धमक शुरू हो गई थी। इधर जिला धमतरी बस चालक-परिचालक कामगार वेलफेयर सोसायटी ने थाना सिटी कोतवाली में ज्ञापन सौंपकर हड़ताल के दौरान वाहन चलाने वालों के खिलाफ शिकायत की है।

चालक-परिचालक वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष मिर्जा रशीद बेग, सचिव सालिक राम सिन्हा ने बताया कि केन्द्र शासन के नए आदेश में वाहन चालकों द्वारा किसी प्रकार की घटना होने की स्थिति में 10 साल की सजा तथा 7 लाख रूपये जुर्माने का प्रावधान लाया गया है। इस कानून के विरोध में चालक-परिचालकों ने 1 जनवरी से 3 जनवरी तक हड़ताल रखी है। हड़ताल का जिले में व्यापक असर देखा जा रहा है। बसों के पहिये थम गए हैं। पेट्रोल, डीजल, गैस सिलेंडर सहित अन्य आवश्यक सामग्री सप्लाई बाधित हो गई है। हड़ताल की खबर लगते ही पंपों में डीजल, पेट्रोल के लिए भीड़ उमड़ने लग गई है।

बस एसोसिसएशन के अध्यक्ष महावीर प्रसाद गुप्ता ने बताया कि हड़ताल में बस चालकों के शामिल होने से सिहावा, बालोद, राजनांदगांव, मगरलोड, रायपुर रूट पर चलने वाली बसों के पहिये थम गए हैं। हड़ताल खत्म होने पर पुनः संचालन होगा। पेट्रोल पंप तथा गैस एजेंसी के संचालक मोहन अग्रवाल ने कहा कि चालक-परिचालकों की हड़ताल से पेट्रोल, डीजल टैंकर नहीं आ पा रहे हैं। स्टॉक रहते तक पंपों से डीजल, पेट्रोल मिलेगा। यही स्थिति गैस सिलेंडरों की भी है। बस चालक-परिचालक वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष रशीद बेग ने कहा कि बिल के विरोध में वाहनों का चालन 3 जनवरी तक बंद रखा गया है। 10 साल की सजा और लाखों के जुर्माने का नियम गलत है। इसे वापस लिया जाना चाहिए।

### हड़ताल में शामिल नहीं होने वाले चालकों के खिलाफ शिकायत

बस चालक-परिचालक वेलफेयर सोसायटी के सचिव सालिक राम सिन्हा ने बताया कि सोमवार को सोसायटी के पदाधिकारियों ने थाना सिटी कोतवाली प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि हड़ताल के दौरान कुछ चालक-परिचालक वाहन चला रहे हैं जिसे मना करने पर वे लड़ाई-झगड़ा पर उतारू हो जाते हैं। भविष्य में ऐसे वाहन चालकों द्वारा कोई दुर्घटना घटित होती है तो सोसायटी द्वारा किसी प्रकार का सहयोग नहीं किया जाएगा। किसी प्रकार का वाद-विवाद, सोसायटी के सदस्यों से उलझने पर अनैतिक रूप से वाहन चलाने वालों की जवाबदारी होगी।

खबर संक्षेप

### जोधापुर में मड़ई 19 जनवरी को

**धमतरी।** शहर के जोधापुर वार्ड में वार्डवासियों के सहयोग से 19 जनवरी शुक्रवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। आशीष रात्रे ने बताया कि रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है। आयोजन की तैयारी में योगेश्वर सिंह चौहान, विनय डहरिया, प्रीतम सिन्हा, गोविंद साहू, ईश्वर साहू ,संत कुमार साहू, दीपेश साहू समेत अन्य जुटे हैं।

### गुजरा में पांच से रंगारंग कार्यक्रम

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम गुजरा में 5, 6, 7 जनवरी को रंगारंग कार्यक्रम व मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। बजार ठेकेदार मेहत्तरू पटेल ग्राम गुजरा ने बताया कि 5 जनवरी शुक्रवार को ग्राम में मड़ई रखी गई है। रात्रि में भण्डारपुर डोंगरगांव का छत्तीसगढ़ी नाचा होगा। संपूर्ण खर्च बाजार ठेकेदार द्वारा उठाया जा रहा है। शान्ति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस अधीक्षक धमतरी, कोतवाली धमतरी और भखारा थाना को लिखित में आवेदन दिया गया है।

### लिमतरा में मानसगान सम्मेलन 12 से



**धमतरी।** मर्यादा पुरुषोत्तम के आदर्शों को जन-जन तक पंहुचाने के उद्देश्य से श्री अनुराग मानस प्रचार समिति शीतला चौक लिमतरा में 12, 13, एवं 14 जनवरी को मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी में कार्तिकराम साहू, भावेंद्र अग्रवाल, घनश्याम, कोमलराम, दिनेश ध्रुवंशी, शिक्षक घनश्याम सिंह साहू जुटे हुए हैं।

### जिले में आज लगेंगे संकल्प शिविर

**धमतरी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में दो जनवरी को जिले के चारों विकासखण्डों में संकल्प शिविर लगाये जायेंगे। धमतरी विकासखण्ड के परपुटी(अरौद डु), बरबांधा, कुरूद विकासखण्ड के पचपेड़ी, बोरझरा, मगरलोड विकासखण्ड के कुल्हाड़ीकोट, मारागांव, परसाबुड़ा, बोईरगांव और नगरी विकासखण्ड के डोकाल, आमगांव, खैरभर्री तथा कट्टीगांव में संकल्प शिविर आयोजित किये जायेंगे। कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने शिविर में लोगों से आधार कार्ड का पंजीयन, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड का पंजीयन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, स्वास्थ्य जांच लाभ, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना और पेंशन योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

### जीजामगांव में रामायण सम्मेलन 2 फरवरी से

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम जीजामगांव में 2 से 4 फरवरी तक रामायण सम्मेलन का आयोजन किया गया है। 5 फरवरी सोमवार को मड़ई होगी। रात्रि में मनोरंजन के लिए मयारू मोर नाचा पार्टी लाटाबोड़ जिला बालोद पद्मश्री अवार्ड की प्रस्तुति होगी। आयोजक समिति ने बताया कि प्रतिदिन 8 से 10 बजे रात तक स्कूली छात्र-छात्राओं का संगीत कार्यक्रम होगा। रामायण मंडली के लिए प्रवेश शुल्क 151 रुपए है। मंच संचालक दीनूदास बघेल, रोशन ठेला, संतराम साहू होंगे। कार्यक्रम की तैयारी में अध्यक्ष संतराम साहू, कोषाध्यक्ष देवचरण चंद्राकर, उपाध्यक्ष रोहित साहू, सचिव अशोक साहू सहित ग्रामीणजन जुटे हुए हैं।

# एनसीआईबी का अधिकारी बताकर उगाही करने वाले चार गिरफ्तार

- ढाबा व रेस्टोरेंट से करते थे वसूली
- कुरूद व साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



अपने आपको राष्ट्रीय अपराध जांच ब्यूरो का अधिकारी बताकर ढाबा व रेस्टोरेंट में उगाही करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

कुरूद थाना क्षेत्र के ग्राम नारी में स्थित किरण रेस्टोरेंट ढाबा में 30 दिसंबर 2023 की रात्रि एक सफेद रंग की कार क्रमांक सीजी 27 एम 8403 आकर रूकी। कार से चार लोग बाहर निकलकर ढाबा में पहुंचे। उक्त कार सवारों ने आईडी कार्ड दिखाते हुये अपने आपको राष्ट्रीय अपराध जांच ब्यूरो-एनसीआईबी का अधिकारी बताकर रेस्टोरेंट की तलाशी लेना शुरू कर दिया। इस दौरान दुकान के काउंटर में काम करने वाले कर्मचारियों के पीने के लिये रखी 4 पौवा देशी शराब मिलने पर शराब बेचने की बात कहकर धमकी देते हुए कर्मचारियों से मारपीट की। अपनी कार से एक बोरी शराब निकालकर किरण रेस्टोरेंट में रख उसकी फोटो लेकर जेल भेज देने की धमकी दी। केस को रफा-दफा कराने के नाम से ढाबा संचालक से 80 हजार रूपये की मांग की गई। रूपये देने पर ही छोड़ने की बात कहकर धमकाया गया। ढाबा संचालक अजय सिंह को बंधक बनाकर उसके निवास स्थान दामानी कालोनी नयापारा जिला रायपुर ले गये। अजय ने अपने घर से 15 हजार रूपये नकदी दिये। रूपये लेने के बाद अजय को जबर्दस्ती अपनी कार में बिठाकर वापस ग्राम नारी में लाकर छोड़ दिया। बाकी की राशि 65 हजार 31 दिसंबर रविवार की सुबह धमतरी लेकर आने की बात कहकर धमकी दी। पीड़ित अजय सिंह ने कुरूद थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 419, 384, 365, 342, 120 बी व 457 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया। अपराध की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर कुरूद पुलिस व साइबर सेल की तकनीकी टीम ने जांच शुरू कर दी। पुलिस ने रविवार को बस स्टैंड धमतरी की घेराबंदी कर चारों फर्जी अधिकारियों को पकड़ लिया। पूछताछ में चारों ने अपना नाम सागर देवनाथ, वेदांश चौहान, सुधांशु पाण्डेय व पंकज यादव बताया।

### पांच माह की ट्रेनिंग लेकर आये थे

पूछताछ में चारों ने पुलिस को बताया कि चार-पांच माह पूर्व कांकेर के कैलाश साहू से उनकी मुलाकात हुई थी। कैलाश ने एनसीआईबी में काम करने के लिये चारों को ट्रेनिंग दी थी। उन्हें बताया गया कि एनसीआईबी भारत सरकार का मान्यता प्राप्त रजिस्टर्ड एनजीओ है जो छग के किसी भी स्थान पर शराब पकड़कर कार्रवाई कर सकता है। योजना के तहत चारों ने ग्राम नारी पहुंचकर रेस्टोरेंट में रेड की कार्रवाई की। इस दौरान किरण रेस्टोरेंट के मालिक को डरा-धमकाकर पैसा उगाही करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से घटना में उपयोग की गई दो कार, नकदी 12 हजार 550 रूपये सहित अन्य दस्तावेज कुल 12 लाख 41 हजार 50 रूपये जब्त किया गया है। पुलिस ने आरोपी सागर देवनाथ उम्र 33 वर्ष निवासी कांकेर, वेदांश चौहान 21 वर्ष, सुधांशु पाण्डेय 22 वर्ष व पंकज यादव 19 वर्ष फरसगांव जिला कोण्डागांव निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया है।

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

इस कार्रवाई में कुरूद निरीक्षक दीपा केंवट, साइबर प्रभारी एसआई रमेश साहू, बिरेझर चौकी प्रभारी उमाकांत तिवारी, साइबर सेल से प्रआ देवेन्द्र राजपूत, आरक्षक कमल जोशी, धीरज डडसेना, मुकेश मिश्रा, कृष्णा पाटिल, आनंद कटकवार, विकास द्विवेदी, योगेश ध्रुव, मनोज साहू, फनेश साहू, कुरूद थाना से प्रआ राजेश चंद्राकर, आरक्षक राजू भारद्वाज का सराहनीय योगदान रहा।

# साल के अंतिम दिन हुए दो सड़क हादसे, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



वर्ष 2023 के अंतिम दिवस रविवार को दो अलग-अलग स्थानों पर सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इन घटनाओं में एक युवक की मौत हो गई, वहीं दूसरी घटना में एक घायल हुआ है। वहीं नव वर्ष पहले सड़क हादसे के मामले में शांतिपूर्ण रहा है।

साल के अंतिम दिवस सड़क हादसे की पहली घटना रविवार की दोपहर भखारा मार्ग में ग्राम कोसमर्रा के पास हुई। भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम रामपुर निवासी योगेश्वर साहू पिता तानसेन 40 वर्ष रविवार की दोपहर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 05 एडी 6609 से रिश्तेदार के यहां गुजरा में आयोजित छट्ठी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहा था। रामपुर से टमाटर लेकर भखारा होते हुए गुजरा की तरफ बढ़ रहा था। इसी दौरान धमतरी की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक सीजी 05 एएच 9090 के चालक ने उनकी बाइक को ठोकर मार दी। इस घटना में बाइक सवार युवक के सिर व सीने में गंभीर चोट लगी। युवक को उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने चेकअप के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर शाम तक परिजनों को शव सौंप दिया। कार व चालक को पेट्रोल पंप प्रोपाइटर बताया जा रहा है।

वहीं दूसरी घटना रूद्री रोड में कलेक्टोरेट मोड़ के पास हुई। दो मोटर साइकिल में आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक बाइक चालक पंकज बरेठ 42 वर्ष गौरीनगर रूद्री निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर रक्तदान ग्रुप के शिवा प्रधान की संस्था की एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया।

### शांतिपूर्ण रहा नववर्ष का पहला दिन

नववर्ष मनाने गंगरेल बांध सहित पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की भारी भीड़ रही। बड़ी संख्या में लोग नया साल मनाने पहुंचे थे जिसके कारण रूद्री गंगरेल मार्ग, माड़मसिल्ली सहित अन्य मार्गों में वाहनों की आवाजाही देर रात तक जारी रही। दुर्घटनाओं को रोकने यातायात पुलिस ने पूर्व में तैयारी कर पर्यटकों के आने व जाने के लिए रूट व पार्किंग स्थल का निर्धारण कर दिया था। पर्यटकों ने बिना किसी बाधा के आवागमन किया। शाम तक इन मार्ग पर किसी तरह के सड़क हादसे की खबर नहीं है।

# चार माह से राशि का आवंटन नहीं, कैसे हो मेन्यू का पालन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- कर्ज लेकर मध्याह्न भोजन योजना चला रही महिला समूह



आर्थिक तंगी के बीच स्कूलों में मध्यान्ह भोजन संचालित हो रहा है। पिछले चार माह से मध्यान्ह भोजन की राशि नहीं मिली है। ऐसे में स्कूलों में मेन्यू का पालन मुश्किल हो गया है। कर्ज लेकर मध्यान्ह भोजन चल रहा है। मेन्यू का पालन करना दूर की बात है, अब तो जैसे तैसे बच्चों को पेट भरा जा रहा है।

शासन की महत्वाकांक्षी योजना होने के बाद भी मध्यान्ह भोजन संकट के दौर से गुजर रहा है। पिछले चार माह से इस योजना के तहत एक फूटी कौड़ी नहीं आई है। आचार संहिता के चलते पेमेंट अटकने की बात कही जा रही थी। अब चुनाव निबट गया है। मंत्रिमंडल का गठन भी हो चुका है। इसके बाद भी इस योजना के लिए राशि जारी नहीं होने से महिला समूहों के सामने विकट समस्या खड़ी हो गई है। बकाया राशि बढ़ते-बढ़ते 13 करोड़ रुपए से ज्यादा हो गई है। स्थिति यह है कि मध्यान्ह भोजन संचालित करने वाली समितियां कर्ज लेकर बच्चों का पेट भर रही हैं। अब यदि पेमेंट जारी नहीं किया जाता है तो कई स्कूलों में मध्यान्ह भोजन करने की स्थिति बन जाएगी।

### दुकानदार भी कर रहे किनारा

जिले में 1200 महिला समूह मध्याह्न भोजन योजना का संचालन करती है। समितियों को मध्याह्न भोजन के लिए कुकिंग कास्ट दिया जाता है। करीब 11 करोड़ रुपए कुकिंग कास्ट की राशि अटकी हुई है। अब तक महिलाएं किराना दुकानों से कर्ज लेकर मध्याह्न भोजन पका रही हैं। अब तो किराना दुकान संचालकों ने भी उधारी देने से मना कर दिया है। ऐसे में महिला समूहों को दोहरी समस्या से जूझना पड़ रहा है।

### रसोइए भी परेशान

मध्याह्न भोजन पकाने के लिए जिले में 2 हजार 633 रसोइयों की नियुक्ति की गई है। इन रसोइयों को प्रति माह 1500 रुपए का मानदेय दिया जाता है। पिछले चार माह से उन्हें भी मानदेय नहीं दिया गया है। इन रसोइयों को 1 करोड़ 57 लाख 98 हजार रुपए का मानदेय अटका हुआ है।

### अखरोट के धोखे में वृद्ध ने खाया कनेर बीज, मौत

**धमतरी।** नजर कम होने के कारण एक वृद्ध ने अखरोट के बदले में कनेर फल के बीज का सेवन कर लिया। इस घटना में वृद्ध की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस के अनुसार नगरी थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरडुला निवासी श्यामलाल साहू पिता दसरूराम 66 वर्ष को नजर कम हो जाने से स्पष्ट दिखाई नहीं देता था। वृद्ध प्रतिदिन अखरोट का सेवन कर रहा था। घर में रखे अखरोट खत्म हो गया था। रविवार को वृद्ध ने अखरोट के बदले कनेर फल बीज का सेवन कर लिया था। वृद्ध जब उल्टी करने लगा तब परिजनों को इसकी जानकारी हुई। पत्नी के पूछने पर वृद्ध ने फल को दिखाकर उसका बीज खाना बताया। पत्नी के देखने पर वह कनेर फल का बीज था। वृद्ध को उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान रविवार की देर शाम वृद्ध की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने सोमवार को मर्ग कायम किया। पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## पिछले साल की गलतियों से लिया सबक, अच्छे रिजल्ट के लिए झोंकी ताकत

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी शुरू, आज से अर्धवार्षिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी


फाइल फोटो

बोर्ड परीक्षा को अब सिर्फ दो माह ही शेष है। स्कूलों में परीक्षा की तैयारी शुरू हो गई है। आज से अर्धवार्षिक परीक्षा शुरू होगी, जिसे बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर ली जाएगी। कोर्स लगभग कम्पलीट हो चुका है। अर्धवार्षिक परीक्षा के बाद रिविजन शुरू होगा। एक बार नहीं तीन से चार बार कोर्स का रिविजन करवाया जाएगा।

कक्षा 10 वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा का काउंटडाउन शुरू हो गया है। दो माह बाद 1 मार्च से परीक्षा शुरू होनी है। इसके लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने टाइम टेबल जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार 1 से 21 मार्च तक 10वीं और 2 मार्च से 23 मार्च तक 12 वीं की परीक्षा होगी। जिला शिक्षाधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार इस साल 10 हजार 590 छात्र 10वीं कक्षा और 8560 छात्र 12 वीं कक्षा की परीक्षा दिलाएंगे। उधर वार्षिक परीक्षा से पहले अर्धवार्षिक परीक्षा होगी। अर्धवार्षिक परीक्षा आज से शुरू होगी, जिसे बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर लिया जाएगा। इस परीक्षा से छात्रों को बोर्ड परीक्षा दिलाने का अनुभव मिलेगा। इसके बाद प्रैक्टिकल परीक्षा भी शुरू कर दी जाएगी।

### बेहतर रिजल्ट के लिए प्रयास

जिले का रिजल्ट अच्छा लाने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। स्कूलों में कोर्स कम्पलीट करने के लिए टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करवाई गई। छात्रों को सलाह है कि बेहतर ढंग से पूरी लगन से पढ़ाई करें, दिमाग पर अतिरिक्त बोझ न डालें। - **लीलाधर चौधरी**, *अधिकारी सर्व शिक्षा अभियान*

### दो केंद्र बढ़ेंगे

छात्रों की संख्या पिछले साल की अपेक्षा कम हुई है। पिछले साल 10वीं कक्षा में 12 हजार से ज्यादा छात्रों ने परीक्षा दिलाई थी, जबकि 12वीं कक्षा में 10 हजार से ज्यादा छात्रों ने परीक्षा दी थी। इस साल दोनों कक्षाओं में छात्रों की संख्या घटी है। छात्रों की संख्या कम होने के बाद भी परीक्षा केंद्र बढ़ाए जा रहे हैं। पिछले साल तक जिले में 83 परीक्षा केंद्र थे। इस बार जोरातराई, अंवरी और मोहंदी स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाने का प्रस्ताव भेजा गया है।

### कोर्स कम्पलीट, रिविजन पर जोर

पिछले साल आए कमजोर रिजल्ट से सबक लेते हुए शिक्षा विभाग के अधिकारी इस साल मुस्तैदी के साथ काम कर रहे हैं। लगातार स्कूलों का निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ एक्शन भी लिया जा रहा है। स्कूलों को कोर्स कम्पलीट करने के लिए कहा गया था। अब तक अधिकांश स्कूलों में कोर्स कम्पलीट हो चुके हैं। एक-दो स्कूल में पढ़ाई बाकी है, जिसे जल्द ही कम्पलीट करने की कोशिश की जा रही है। अर्धवार्षिक परीक्षा के बाद कोर्स का रिविजन शुरू कर दिया जाएगा। कम से कम तीन से चार बार रिविजन किया जाना है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### ग्रामीणों ने विकसित राष्ट्र बनाने का लिया संकल्प

**नगरी।** दुगली-कौहाबाहरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष महेंद्र नेताम, विकल गुप्ता, प्रभारी कुकरेल मंडल, राजाराम मंडावी, बंशीलाल सोरी जनपद सदस्य शामिल हुए। मौके पर श्रीमती नेताम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत को विकसित देशों की श्रेणी में लाना। देश को विकसित बनाने में वहां के नागरिकों की अहम भूमिका होती है। विकल गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास उपलब्ध कराने की गारंटी दी है। वहीं महिलाओं को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन प्रदान किया जा रहा है। महेन्द्र नेताम ने कहा कि मोदी की मंशा अनुसार किसानों को बोनस, मुक्त खाद्यान्न, गैस कनेक्शन जैसी अनेक योजनाओं से प्रदेशवासियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य है, जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूरा करने का काम शुरू कर दिया है। श्री नेताम ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने लोगों को संकल्प दिलाया। इस अवसर पर सरपंच रामकुंवर मंडावी, शिवा नेताम, जयसिंह सोरी, पुजारी वरूण देव ध्रुव, राजेश्वर नेताम, अघनूराम मंडावी, नंदलाल नेताम, भोज सोनवानी, बसंत टांडेश, ज्वाला तुमरेटी, नंदलाल मरकाम, अनिल यादव सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

समाजजनों ने सामाजिक एकता और जागरूकता पर दिया बल

# सेमरा में सहस्त्रबाहु जयंती पर निकली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ग्राम सेमरा(भखारा) में डड़सेना कलार समाज द्वारा परंपरानुसार इस वर्ष भी भगवान सहस्त्रबाहु की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मौके पर बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभा व कलश यात्रा निकाली गई जो गांव का भ्रमण कर शक्ति माता पहुंची।

रविवार को सेमरा बी के सिन्हा भवन में पहले कथा पूजा हुई। तत्पश्चात दीप प्रज्ज्वलित कर बाजे-गाजे के साथ शोभायात्रा, कलश यात्रा निकाली गई। समाज की बच्चियां, महिलाएं सिर में कलश धारण कर गांव का भ्रमण करते हुए पुराने बगीचा में स्थापित शक्ति माता पहुंची जहां पूजा-अर्चना कर सुख शांति समृद्धि का आशीर्वाद मांगा गया। कार्यक्रम में सामाजिक सदस्यों की नगण्य उपस्थिति पर चिंता जताते हुए इसके सुधार की दिशा में प्रयास करने पर जोर दिया साथ ही सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। इसके साथ समाज की भावी कार्य योजना पर अध्यक्ष सुकालू राम सिन्हा ने प्रकाश डालते हुए सामाजिक एकता और जागरूकता पर बल देते हुए सबका आभार जताया।

जयंती व कलश यात्रा में मोतीलाल सिन्हा, पंकज सिन्हा, भागवतराम सिन्हा, हुमेन्द्र गजेंद्र, प्रमोद सिन्हा, मुरली सिन्हा, सुनील गजेन्द्र, सुखदेव सिन्हा, प्यारेलाल सिन्हा, दिनेश सिन्हा, नरसिंग गजेन्द्र, तीरथ सिन्हा, नरोत्तम सिन्हा, राजेश सिन्हा, सरपंच बिनेश्वरी सिन्हा, हेमलता सिन्हा, कीर्ति गजेंद्र, उषा, नन्दनी, पुष्पा, चन्द्रिका, लीला,गोदावरी, खिलेश्वरी, मंजू, गंगा बाई, बिन्दाबाई, सावित्री, सुशीला,सविता, मधु सिन्हा, राधा सिन्हा, सेवती सिन्हा, अंजु सिन्हा सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरूष व बच्चे शामिल हुए।

# सुदामा चरित्र प्रसंग के बाद हुई तुलसी वर्षा





हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम पंचायत अमलीडीह में राधारानी महिला समूह व ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। कथा वाचक आचार्य वासुदेव तिवारी अरकार वाले ने आठवें दिन सुदामा चरित्र का कथा वाचन किया। बताया कि किस प्रकार सुदामा ने भगवान से छल किया था जिसका परिणाम उसकी गरीबी और दरिद्रता के रूप में भोगना पड़ा। सुदामा जी समर्पित भाव से भगवान के लिए एक मुट्ठी चावल लेकर आए थे जिसे ग्रहण करके भगवान श्री कृष्ण ने उन्हें संपूर्ण सृष्टि का मालिक बना दिया। भक्तों को चाहिए कि वह भगवान के प्रति समर्पित भाव से पूजा -अर्चना करें। आचार्य वासुदेव तिवारी ने परीक्षित मोक्ष की कथा बताते हुए कहा कि संसार एक मोह माया है और अंत में भगवान के श्री चरणों में ही मिल जाना है इसलिए मोह छोड़कर भगवान की भक्ति करते हुए जीवन व्यतीत करना चाहिए। इस प्रकार भागवत कथा का समापन हुआ। तुलसी वर्षा के बाद बाजे-गाजे के साथ महाराज का गांव भ्रमण कराया गया। लोगों ने महाराज को नारियल भेंट कर उनकर आरती उतारी। अंतिम दिन गीता पाठ हुआ। भक्तों ने भागवत कथा श्रवण के साथ-साथ प्रसादी का लाभ लिया।

## अंचल की खबरें

### रामायण जीवन जीने की कला सिखाती है : अंबिका



**नगरी।** ग्राम मारदापोटी में तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अम्बिका मरकाम ने कहा कि रामायण जीवन जीने की कला सिखाती है। मानसगान से गांव में एकता व शांति की भावना प्रेरित होती है। गांव गांव में मानसगान का आयोजन भगवान राम और रामायण के प्रति आगाध श्रद्धा का प्रतीक है। इस अवसर पर सरपंच ईश्वरी नेताम, दुखिया ध्रुव, प्रमोद कुंजाम,नारद ध्रुव,विमला मरकाम, घनश्याम मरकाम समेत अन्य उपस्थित थे।

### मल्हारी में ठाकुरदेव समिति की हुई बैठक



**सिहावा।** ग्राम मल्हारी में श्री ठाकुरदेव समिति सिहावा क्षेत्र द्वारा ठाकुरदेव प्रांगण में मिटिंग आयोजित की गई जहां क्षेत्र के देवी-देवताओं व गांव में कई प्रकार के दैविक प्रकोप पर चर्चा की गई। देवी-देवता माता देवालय गुड़ी के संबंध में नई स्वीकृति दिलाने शासन स्तर पर बजट में लाने प्रस्ताव किया गया। समिति की आगामी बैठक 12 जनवरी को आमगांव शीतला मंदिर में होगी। मौके पर पुजारी विजय पटेल, कुन्दन साक्षी, रामप्रसाद मरकाम, अंजोरसिंह निषाद, भगवान सिंग ठाकुर, जनकलाल सोम, हुलासराम सोम , बुधराम साक्षी सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### मेडिकल रिलीफ फंड की वार्षिक पत्रिका का विमोचन



**कुरूद।** संयुक्त शिक्षक कल्याण संघ द्वारा संचालित मेडिकल रिलीफ फंड की छटवीं वार्षिक पत्रिका का विमोचन विधायक अजय चंद्राकर ने किया गया। इस अवसर पर संयुक्त शिक्षक संघ के अध्यक्ष हुमन चंद्राकर, मेडिकल रिलीफ फंड अध्यक्ष पुरुषोत्तम निषाद, जिला उपाध्यक्ष मनोज देवांगन, मनीषदेव वर्मा, महेंद्र सोरी, मिथिलेश कंवर, चैनसिंह साहू, द्वारिका प्रसाद चंद्राकर, सतीश कुमार साहू, गोपी चंद्राकर, आत्माराम साहू, हरीश निर्मलकर, पारस यादव, ईश्वर साहू, कुंभकरण साहू, देवनाथ साहू, नरेश सिन्हा, भूषण सिन्हा सहित संघ के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# कुहकुहा में विधायक चंद्राकर को पंचमेवा से तौला

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री




विधानसभा चुनाव जीतने के बाद प्रथम बार कुहकुहा आगमन पर कुरूद विधायक अजय चंद्राकर का भव्य स्वागत किया गया। श्री चंद्राकर को सार्वा परिवार द्वारा पंचमेवा काजू, किशमिश, बादाम, खजूर आदि ड्राई फ्रूट से तौला गया। इसके बाद उसे जनता में वितरण कर दिया गया। गांव में तीरथ साहू और उनके परिवार द्वारा 23 से 31 दिसंबर तक आयोजित की गई भागवत कथा में भी विधायक शामिल हुए और कथा श्रवण किया।

मौके पर प्रभुलाल, रोहित साहू, शैलेंद्र, युवराज, यज्ञवल, लुकेश्वरी, कमलबती, वासु, हुमन, तरुण साहू, गजेंद्र साहू, पवन साहू, मन्नू साहू, पुराणिक साहू, नरेंद्र साहू, शिवकुमार, ओशाराम, रामचरण साहू, नरसिंग, हरिनारायण, भरत साहू, सोम साहू, हरकचंद सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# अक्षत कलश का पुष्पवर्षा से किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭पुरूर(धमतरी)

- चिटौद में श्री राम मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा

ग्राम चिटौद में अयोध्या से आए पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा श्रीराम मंदिर से निकाली गई। अक्षत कलश का ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। पटाखा फोड़कर खुशियां मनाई गई।

अयोध्या से लाये गये अक्षत कलश का वितरण विश्व हिन्दू परिषद इकाई गुरूर द्वारा किया गया। कलश जैसे ही गांव पहुंचा ग्रामीणों ने श्री राम मदिर के पास पटाखे फोड़कर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। श्रीराम मंदिर में पूजा-अर्चना कर जय श्रीराम एवं एवं भगवान राम के गीतों के साथ पूरे गांव में शोभा यात्रा निकाली गई। आयोजन समिति के देवलाल साहू, गोकुल राम साहू, लोकनाथ पटेल, विदेशीराम साहू ने बताया कि आयोध्या में प्रभु श्रीराम के नवनिर्मित मंदिर में प्रभु के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की जायेगी। इसके लिए पूरे भारत में अक्षत कलश और आंमत्रण पत्र भेजा जा रहा है। शोभायात्रा में प्रमुख रूप से परसराम साहू, चंद्रहास साहू, सुरेन्द्र तिवारी, रघुवीर साहू, अघनूराम साहू, चंद्रकांत साहू, डां संतोष साहू, हेमलाल फूटान, प्रदुमन यादव, सरपंच कुमारी साहू, अंजनी साहू, कचरा बाई, सरस्वती साहू, मिलापा बाई, राजेश्वरी साहू, वीणा पाठक सहित सैकड़ों ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए।



नाम परिवर्तन
// सूचना //
सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मैं MANISH KUMAR GUPTA पिता RAJKUMAR GUPTA निवासी मकान नं. 593, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, रायपुर रोड, नजदीक निर्मल धर्मकांटा, धमतरी (छ.ग.) 493773 अपना पुराना नाम MANISH KUMAR GUPTA पिता RAJKUMAR GUPTA को त्याग कर नया नाम MANISH GUPTA पिता RAJKUMAR GUPTA रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय/अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेज में मेरे नए नाम MANISH GUPTA पिता RAJKUMAR GUPTA के नाम से जाना व पहचाना जावे।
MANISH GUPTA
मकान नं. 593, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, रायपुर रोड, नजदीक निर्मल धर्मकांटा, धमतरी (छ.ग.) 493773

# सार्थक के विशेष बच्चों को नए कपड़ों का उपहार

- अपनी आर्ट क्लासेस से अर्जित आय का एक अंश दिव्यांगों, पीड़ितों और जरूरतमंदों के सहयोग में समर्पित करती हैं दीपिका और सृष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धमतरी के समाजसेवी गोलछा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, नवरतनमल गोलछा एवं मन्नूदेवी गोलछा सार्थक के विशेष बच्चों से मुलाकात करने आए और उन्होंने नए कपड़ों का उपहार बच्चों को दिया। गोलछा परिवार द्वारा निरंतर समाजसेवा कार्य में सार्थक के बच्चों और पालकों की सहायता की जा रही है।

ज्ञात हो कि गोलछा परिवार की पुत्रवधू दीपिका गोलछा एवं पोती सृष्टि विभिन्न कला क्षेत्रों में पारंगत है। उन्होंने संकल्प लिया है कि उनकी क्लासेस से अर्जित होने वाली राशि का कुछ अंश वे पीड़ित, जरुरतमंद, दिव्यांग लोगों के हितार्थ उपयोग में लेंगी। हृदयस्पर्शी भावनाओं के चलते उन्होंने प्रतिवर्ष सार्थक के बच्चों की सहायता की है। समय-समय पर बिटिया सृष्टि भी विशेष बच्चों को हुलाहूप सिखाने सार्थक आती रहती है। ऐसे सेवाभावी, मार्मिक भावनाओं से युक्त गोलछा परिवार ने सार्थक के विशेष बच्चों को उनके साइज के अनुसार नए कपड़ों का तोहफा देकर उनके चेहरों पर मधुर मुस्कान ला दी।

बच्चों को खुश देकर नवरतनमल गोलछा और मन्नुदेवी ने उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। सार्थक अध्यक्ष डॉ.सरिता दोशी ने उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सचिव स्नेहा राठौड़ ने किया। बच्चों की खुशी के इन पलों में दीपिका गोलछा, किरण गोलछा, रूही गोलछा, परी गोलछा, रामस्वरूप, प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, गीतांजलि देवी, मुकेश चौधरी, स्वीटी सोनी, देविका दीवान, सुनैना गोड़े, नाजिया बेगम, सकीना बाघमारे, शकुंतला सोनी उपस्थित थे।

# भक्त गुहा निषादराज जयंती 22 जनवरी को

- धीवर निषाद समाज एकसाथ मनायेंगे, तैयारी बैठक 6 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



जिले में धीवर निषाद एकता दिवस के रुप में भगवान श्रीराम के परमभक्त गुहा निषादराज की जन्म जयंती भव्य रूप से मनाने के संबंध में धीवर-निषाद समाज की संयुक्त बैठक 30 दिसंबर को निषाद समाज भवन में रखी गई। बैठक में निषाद जयंती संयुक्त रूप से मनाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में धीवर समाज महासभा के संरक्षक परमेश्वर फूटान, प्रमुख सलाहकार सोहन धीवर, धमतरी परगना के अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद जगबेड़हा एवं युवा प्रकोष्ठ से तीरथ फूटान उपस्थित हुए। क्षेत्रीय निषाद समाज अंगार मोती परिक्षेत्र के भोलाराम निषाद सर्वराकार, लीलाराम निषाद अध्यक्ष, रमेश निषाद एवं तोरण निषाद उपाध्यक्ष, सुनील निषाद सचिव जिला धमतरी, डा. संतराम निषाद कोषाध्यक्ष, सागर निषाद सलाहकार, लीलाराम पंच महामाया, पुनेश्वर निषाद कर्मचारी प्रकोष्ठ, दिनेश निषाद, नागेश कुमार, श्रीमती गीतेश्वरी निषाद, फुलेश्वर, कुसुम निषाद, उर्मिला निषाद सहित धीवर निषाद समाज के परिजन उपस्थित हुए।

बैठक में 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीरामचंद्र के प्राण प्रतिष्ठा का बहुप्रतीक्षित हमारे जीवन का सुअवसर है। यह समस्त मछुआरा समाज के लिए बहुत ही विशेष महत्व रखता है। इसे हर्षोल्लास के साथ मनाने और अविस्मरणीय बनाने के लिए इसकी तैयारी को अंतिम रुप देने के लिए धीवर निषाद समाज की संयुक्त बैठक 6 जनवरी 2024 को शीतला माता मंदिर धीवर समाज भवन महिमा सागर वार्ड में प्रातः 11बजे आहूत किया गया है। धीवर निषाद समाज के समस्त सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की गई है।

नपं मगरलोड में दो दिवसीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता संपन्न

# पंथी नृत्य प्रतियोगिता में कंडेल प्रथम, हसदा द्वितीय

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



जय सतनाम युवा समिति नगर पंचायत मगरलोड द्वारा दो दिवसीय राज्यस्तरीय पंथी नृत्य प्रतियोगिता 25 से 26 दिसंबर को आयोजन किया गया था। पंथी नृत्य प्रतियोगिता में ख्याति प्राप्त मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। मंडलियों ने बाबा गुरूघासी की जीवन पर उपदेश संदेश दिए। प्रतियोगिता में रूनझुन बालिका पंथी पार्टी कंडेल प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान झंकार पंथी पार्टी नर्तक दल हसदा नंबर 2, तृतीय स्थान ज्ञान के अंजोर बालिका झांकी पंथी पार्टी छाती, चतुर्थ स्थान सत की ज्योति बरे चारों कोती पंथी पार्टी कौंदकेरा, पंचम स्थान जय सतनाम बालिका पंथी पार्टी मजरकटा रही।

इसी प्रकार आकर्षक ईनाम में बेस्ट वेशभूषा में दिव्य ज्योति बालक पंथी पार्टी दूधवारा, बेस्ट नृत्य में मया हे सतनाम ले पंथी पार्टी बंगोली, अनुशासन में गुरू के संदेश बालिका पंथी पार्टी कचना, बेस्ट झांकी में सत्य के दीप जलाबो झांकी पंथी पार्टी खपरी, बेस्ट मांदर वादक में झंकार पंथी पार्टी अर्जुनी धमतरी व बेस्ट गायन में जय माता सफूरा बालिका पंथी पार्टी धौराभाठा रही। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 5001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1501 रूपये एवम पंचम पुरस्कार 1001 रूपये है। इसके अलावा बेस्ट आकर्षक पुरस्कार में गायन, मांदर वादक, झांकी, नृत्य, अनुशासन में 501 रूपये था।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति अध्यक्ष कमलेश कुमार बंजारे, उपाध्यक्ष गैंदलाल कोसले, संचालक भोला राम कुर्रे, चंद्रहास बघेल, राजेश कुमार कोसले, रवि कुमार कोसले, केशव बंजारे, नूमेश कोसले, गैंदलाल कोसले कुर्रे, फागू राम सोनवानी, धर्मेंद्र कुमार कुर्रे, महेंद्र कुमार सोनवानी,अजय कुर्रे, सूरज कोसले, मानसिंह कोसले, विजय कुर्रे, तुलसी कुर्रे, कुंदन कुर्रे, ताम्रध्वज टंडन, ओमप्रकाश बंजारे, मंसाराम कोसले एवम नगर वासियों का सहयोग रहा।

Pride of Dhamtari

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 9981996482
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग,स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ करण सराफ – MD,DM Nephrologist – किडनी रोग विशेषज्ञ – 02 जनवरी 2024 मंगलवार
डॉ अक्षय बैद – MS,MCh, Neurosurgeon – ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ – 05 जनवरी 2024 शुक्रवार
डॉ आशु जैन – MS,MCh, Neurosurgeon – ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ – 12 जनवरी 2024 शुक्रवार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

## खबर संक्षेप

### ड्रोन से केवल छह मिनट में नैनो यूरिया का छिड़काव

**धमतरी।** जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत सभी विकासखण्डों के विभिन्न ग्रामों में संकल्प शिविर का आयोजन किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में नई तकनीकी के माध्यम से खेती के पद्धति में बदलाव लाने के उद्देश्य से ड्रोन टेक्नालॉजी से तरल नैनो यूरिया और डीएपी का रबी फसलों में छिड़काव किया जा रहा है। उप संचालक कृषि मोनेश साहू ने बताया कि जिले में अब तक 16 ग्रामों में क्रमशः सोरम,जवरगांव, मथुराडीह, कण्डेल, जी-जामगांव, कोड़ापार, करगा, दरभा, अछोटी, कोड़ेबोड़, गातापार, खिसोरा, हसदा, कुकरेल, भोथापारा, चनागांव में रबी सीजन में चना, गेहूं, सरसों, अरहर, धान एवं सब्जी वर्गीय फसलों में नैनो यूरिया का छिड़काव किया जा रहा है। जिले में ड्रोन टेक्नालॉजी के प्रदर्शन से किसानों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। एक एकड़ में केवल छः मिनट में नैनो यूरिया का छिड़काव किया जा रहा है। नैनो यूरिया के साथ-साथ कीटनाशक एवं फंफूदनाशक छिड़काव में भी ड्रोन टेक्नालॉजी कृषि क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

### मंदरौद में जीवन विद्या शिविर का समापन

**कुरूद।** मानव सेवा संस्थान कबीर तीर्थ मंदरौद के तत्वावधान में पांच दिवसीय चेतना विकास मूल्य शिक्षा शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आवासीय शिविर में धमतरी, रायपुर, महासमुंद, दुर्ग, बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों से लगभग 110 बच्चों सहित 45 पालकों एवं शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इस शिविर के प्रबोधक अभ्युदय संस्थान अछोटी (दुर्ग) से पूनम एवं बसंत थे। शिविर में जहां एक ओर बच्चों को जीवन ज्ञान, अस्तित्व दर्शन ज्ञान, मानवीयतापूर्ण आचरण ज्ञान, क्यों जीना, कैसे जीना, मैं कौन हूं आदि प्रश्नों का सरलतम ढंग से यथार्थ ज्ञान कराया गया, वहीं पालकों एवं शिक्षकों को स्वयं में, परिवार में, समाज में एवं राष्ट्र में हमारी उपयोगिता पूरकता हेतु विस्तृत प्रबोधन किया गया। 24 दिसम्बर से आयोजित इस पांच दिवसीय शिविर में यादराम साहू गिरौद ,पुरुषोत्तम साहू गिरौद, समाधान विद्यालय मंदरौद के स्टाफ एवं संत घनश्याम साहेब, रविन्द्र साहू, भुनेश्वर साहू, रूपेश्वर साहू कातलबोड़, सरस्वती शिशु मंदिर बोदरा से शंकर आचार्य सहित, ओमन साहू, टोमन साहू, प्रीतम लाल साहू बोड़रा, चूड़ामणि साहू समाधान एकेडमी करेली बड़ी, चेतन लाल साहू, खिलेश्वर प्रसाद साहू, देवनाथ साहू, रोशन साहू बानगर, जितेंद्र साहू, रेखराज साहू कपालफोड़ी, रोहित साहू सुपेला, मोजीराम साहू मंदरौद ने योगदान दिया।

### अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का हुआ भूमिपूजन

**कुरूद।** जनपद पंचायत कुरूद अंतर्गत जनपद क्षेत्र क्रमांक 9 ग्राम मोंगरा में शीतला मंदिर परिसर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य लागत राशि 3 लाख 50 हजार का भूमिपूजन सभापति रविन्द्र साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर आमनी साहू सरपंच, नागेश साहू, सोहन साहू , मेवा साहू ,नंदकुमार साहू, कृष्ण कुमार, हरिराम, शिवराम, भागवत उपस्थित थे।

वन प्लस वन इलेवन की टीम ने सुपर किंग्स को हराकर जीता खिताब

# महाराणा प्रताप क्रिकेट : आखिरी गेंद तक जारी रहा फाइनल मैच का रोमांच

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



स्व. विष्णु हिरवानी एकलव्य खेल परिसर में आयोजित धमतरी विधानसभा स्तरीय रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच काफी रोमांच से भरा रहा। फाइनल मुकाबले में वन प्लस वन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया बसन्त सिन्हा और रूपेश सोनकर ने अच्छी शुरुआत दिलाई। बाद में रिंकू साहू ने आतिशी पारी खेलते हुए मात्र 15 बाल में 1 चौके और 7 छक्कों की मदद से 48 रन बनाकर अपनी टीम को 10 ओवरों में 134 रन पर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सुपर किंग्स की टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 17 रनों पर अपने दोनों ओपनर का विकेट खो दिया। इसके बाद बल्लेबाज रिंकू रजक अपनी टीम को मैच के आखिरी ओवरों तक ले गए। सुपर किंग्स की टीम को आखरी 6 गेंदों पर 28 रनों की जरूरत थी। फाइनल मुकाबले में सुपर किंग्स को वन प्लस वन की टीम से 13 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

फाइनल मैच के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक इंदर चोपड़ा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीशु चंद्राकर, डीपेंद्र साहू, दीपक लखोटिया, सुबोध राठी, हेमराज सोनी, राजपूत क्षत्रिय महासभा की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा ठाकुर, रेखा ठाकुर, मीना ठाकुर, माधवी ठाकुर, रागिनी ठाकुर, सुधीर ठाकुर, अवधेश पांडे, चेतन हिंदुजा, आशुतोष शर्मा, मोहन साहू, भागी निषाद, कुलेश सोनी, लक्ष्मण गौतम, संजय जैन, योगेश रायचुरा थे।

अपने उद्बोधन में विधायक श्री साहू ने कहा कि धमतरी में क्रिकेट प्रेमियों की कमी नहीं है। दीपक ठाकुर के मार्गदर्शन में दूसरे वर्ष भी आयोजन हुआ। धमतरी में खेल अकेडमी के लिए प्रशासन से मांग रखूंगा।

आयोजन समिति के संरक्षक दीपक ठाकुर ने कहा कि धमतरी विधानसभा के लगभग 200 खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के लिए किस्मत आजमाया लेकिन 12 टीम ओनर द्वारा सिर्फ 168 खिलाड़ियों का ही चयन हो पाया। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 151000 रूपए एवं उपविजेता टीम को 100000 रुपये का पुरस्कार दिया गया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष

रघुवीर बघेल, उपाध्यक्ष नकुल शर्मा, आशुतोष खरे, पुष्पेंद्र हिरवानी, मनोहर बंजारे, रिंकू रजक, सुभाष चंद्राकर, करण खंडागले, महावीर प्रजापति, राहुल सोनी, अमन पांडे, वेद प्रकाश देवांगन, बिट्टू सिन्हा, राहुल सोनी, नागेश्वर साहू, शुभम, टकेश्वर साहू, विक्की ध्रुवंशी, सागर जाधव, आकाश जाधव सहित हजारों क्रिकेट प्रेमी उपस्थित थे।

## जुम्बा डांस के साथ किया नववर्ष का स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जननी सेवा संस्थान अर्जुनी द्वारा संचालित योग सेवा केंद्र मकेश्वर वार्ड मकई गार्डन में अंतरराष्ट्रीय नववर्ष उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर योग शिक्षिका श्रीमती उत्तर सिंह ने विभिन्न प्रकार के योग क्रिया को बताया। उमा पटेल के साथ जुम्बा डांस कर बच्चे, युवा, बुजुर्गों ने नव वर्ष उत्सव का स्वागत किया। इस अवसर पर हरमिंदर सिंह छाबड़ा ने कहा कि भारतीय नव वर्ष प्रतिवर्ष चैत्र प्रतिपदा को मनाया जाता है जो शक्ति और जागरण का पर्व होता है। सुरेश गोयल और ममता अग्रवाल ने कहा कि लोग अंतरराष्ट्रीय नव वर्ष उत्सव को मनाने का जो तरीका अपनाते हैं, वह फिजूलखर्ची , अनावश्यक दिखावा है। यह हमारे संस्कारों के विपरीत है। हमें नववर्ष को स्वच्छ वातावरण में मनाना चाहिए। कार्यक्रम में निकिता धर्मपुरी, चक्रधर यादव, जयप्रकाश शर्मा, विमल अग्रवाल, स्वाति स्वामी, संयोजक शेषनारायण गजेंद्र का सहयोग किया।

## दिनेश साहेब ने अंधविश्वास एवं ब्राह्य आडंबर पर किया प्रहार



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम जुनवानी में ईशुराम गौटिया के दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में सत्संग समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता दिनेश साहेब ने धर्म, आध्यात्म के नाम पर चल रहे अंधविश्वास एवं ब्राह्य आडंबर पर करारा प्रहार किया। समारोह में टकसार साहेब, दिल्ली, लौटन साहेब, घनश्याम साहेब, रमेश साहेब डोमा कबीर आश्रम, क्षेमेन्द्र साहेब, बलवान साहेब, रघुवर साहेब, रामशरण साहेब, साध्वी सुश्री प्रगति साहेब, राधा साहेब, लता साहेब, सीमा साहेब, सान्निध्या साहेब, दर्शना साहेब, ब्रह्मदेव साहेब, पुनीत साहेब, निरसन साहेब शामिल हुए। ग्रामीण राजेंद्र साहू, सुरेन्द्र साहू, ज्ञातव्य साहू, डॉ. दयालाल साहू, टीकम राम साहू, पार्वती देवी, संतोषी साहू, सुशीला देवी, शिवबती साहू, उमाबाई साहू सहित बड़ी संख्या में श्रोताओं ने संत दर्शन एवं सत्संग का लाभ लिया।

## सनातन धर्म में बिना प्रकृति के कोई भी अनुष्ठान संपन्न नहीं होते

हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)



श्रीमद् भागवत सप्ताह के षष्ठम दिवस पंडित झम्मन शास्त्री ने रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाया

श्रीमद् भागवत ज्ञान सप्ताह यज्ञ महामहोत्सव के षष्ठम दिवस आचार्य पंडित झम्मन शास्त्री



महाराज ने रुक्मणि विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि पेड़ों के बगैर जीवन की कामना दुर्लभ है। विदेशों में नदियां, पर्वत, पेड़ पौधों को केवल उपभोग की वस्तु मानी जाती है जबकि भारत देश में इसकी पूजा होती है। उन्होंने आगे कहा कि देश में हो रही वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से वायुमंडल एवं प्रकृति को कष्ट होता है। मानव जाति का अस्तित्व तब तक है जब तक नदियां गौ माता है। शास्त्री महाराज ने बताया कि भगवान कृष्ण से हम यह सीख सकते हैं कि प्रकृति से कैसे प्रेम किया जाए। सनातन धर्म में बिना प्रकृति के कोई भी अनुष्ठान संपन्न नहीं होते। लोग पूजा उपासना के नाम पर दूरी बना लेते हैं। इसे बढ़ाने की जरूरत है तब जाकर पृथ्वी पर मनुष्य आगामी हजारों वर्षों तक स्वस्थ और संपन्न रहेगा।

### ध्यान से शरीर की आंतरिक क्रियाओं में होता है विशेष परिवर्तन

**मगरलोड।** यशवंतराव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड में प्राचार्य डॉ. घनश्याम देवांगन के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा योगाभ्यास एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशलेश कुमार ध्रुव सहायक प्राध्यापक भूगोल ने की। इस दौरान योग वेदांत समिति से आए योग प्रशिक्षक तामेश्वर साहू ने छात्र-छात्राओं को ध्यान एवं योग के बारे में जानकारी दी। योगाचार्य ने बताया कि ध्यान से शरीर की आंतरिक क्रियाओं में विशेष परिवर्तन आता है। शरीर की प्रत्येक कोशिका में ऊर्जा का संचार होने लगता है। इससे मन में प्रसन्नता, एकाग्रता, शांति और उत्साह उत्पन्न होता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ.रमा चंद्राकार, स्वीप प्रभारी डॉ.यशोदा साहू, रेडक्रॉस प्रभारी दिव्या देवांगन एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मंदिरों में रही भीड़, ईष्ट देवी-देवताओं का लिया आशीर्वाद

# नए साल की शुरुआत अपने-अपने अंदाज में





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नए साल 2024 की शुरुआत लोगों ने अपने-अपने अंदाज में की। अनेक लोगों ने विभिन्न मंदिरों में माथा टेककर उज्वल भविष्य की कामना की। कई लोगों ने पर्यटन स्थलों का रूख किया, वहीं युवाओं के ग्रुप ने पिकनिक पार्टी के साथ नए वर्ष का सेलिब्रेशन किया।

साल के पहले दिन सोमवार को शहर के विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। शहर के विंध्यवासिनी, बूढ़ेश्वर महादेव, रूद्रेश्वर महादव आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। पूजा-अर्चना के लिए रूद्रेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे नुपूर गोस्वामी, भूमि देवांगन ने बताया कि नए साल में उज्वल भविष्य की कामना लेकर भोलेनाथ के दरबार पहुंचे हैं। भगवान से उन्होंने पढ़ाई में सफलता दिलाने का आशीर्वाद मांगा। नए साल पर जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे। गंगरेल पर्यटन के लिए पहुंची रायपुर की साहू फैमिली ने बताया कि नए साल का आरंभ गंगरेल पर्यटन से कर रहे हैं। वे मां अंगारमोती के दर्शन करने के बाद वाटर स्पोर्टस की विभिन्न एक्टीविटिज की। रेस्टोरेंट में लजीज व्यंजनों का स्वाद लेने के बाद गंगरेल पर्यटन का लुत्फ उठाया।

### पार्टी-पिकनिक पर युवा की टोली



शहर में युवाओं का कई ग्रुप पिकनिक पार्टी के लिए रवाना हुआ। विवेकानंद नगर के त्रिभुवन वर्मा, शत्रुघन साहू ने बताया कि पूर्व प्लानिंग के तहत युवाओं का ग्रुप फोरव्हीलर वाहन में पिकनिक के लिए रवाना हुआ। वाहन में गैस सिलेंडर, चूल्हा सहित खाने पीने का सामान ले गए। ओन्हा-कोन्हा पर्यटन स्थल के पास पार्टी पिकनिक की और नए साल को यादगार बनाया।

## बरारी में 10 लाख से बनेगा आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत बरारी में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज भवन का भूमि पूजन हुआ जिसके मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शरद लोहाना ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में जीवराखन देवांगन अध्यक्ष जोन कांग्रेस कमेटी अछोटा, भोलानाथ देवांगन पूर्व अध्यक्ष अछोटा जोन कांग्रेस, अशोक देवांगन पूर्व सदस्य कृषि उपज मंडी धमतरी, मनसाथ मंडावी अध्यक्ष आदिवासी समाज परिक्षेत्र जवरगांव, महेश कुंजाम अध्यक्ष आदिवासी समाज बरारी, हरिराम ध्रुव सलाहकार आदिवासी समाज परिक्षेत्र जवरगांव, जोहन यादव पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत बरारी, दुर्जन सिंह ठाकुर कोषाध्यक्ष आदिवासी समाज परिक्षेत्र जवरगांव, सरजू ठाकुर पूर्व अध्यक्ष आदिवासी समाज परिक्षेत्र जवरगांव, सुनीति मंडावी सरपंच ग्राम पंचायत बरारी उपस्थित रहे।

भूमि पूजन के अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने श्रीफल तोड़कर विधिवत पूजा-अर्चना कर भवन निर्माण की आधारशिला रखी। विधायक श्री साहू ने समाजजनों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज क्षेत्र शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान, कला-संस्कृति सहित सभी क्षेत्रों में तेजी से तरक्की कर रहा है। देश-प्रदेश के विकास में आदिवासी समाज की महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। आज बहुप्रतीक्षित आदिवासी समाज भवन निर्माण की आधारशिला रखी गई। भवन के निर्माण होने से निश्चित ही समाज जनों को विभिन्न राजनीतिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक गतिविधियों को संचालित करने में सहूलियत होगी।

साथ ही विधायक श्री साहू ने मंच के माध्यम से क्षेत्र की जनता का चुनाव में प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने के लिए आभार माना। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहाना ने कहा कि बरारी में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज भवन की बहु-प्रशिक्षित मांग रही है। भवन का निर्माण होने से क्षेत्र वासियों एवं सामाजिक पदाधिकारियों में उत्साह है। भूपेश बघेल की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने आदिवासियों की संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए निरंतर कार्य किया।

इस दौरान सरजूराम कुंजाम, गोकुल मरकाम, तीजेंद्र नागवंशी, भीमसेन नेताम, नारद नेताम, हरि कुंजाम, राघव ठाकुर, जगदीश मरकाम, शिवनंदन नेताम, पंकज कोर्राम, अर्जुन नेताम, कैलाश नेताम, रोशन मरकाम, विश्वनाथ मरकाम, रामचंद टेकाम, राजेन्द्र नागवंशी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## लैलुन साहू, ममता, नविता साहू, युवरानी सिन्हा ने सुनाई अपनी कहानी

- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से जुड़कर महिलायें बनीं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



लैलुन साहू



ममता



नविता साहू



युवरानी सिन्हा

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के तहत जिले की महिलायें स्व सहायता समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बन रहीं हैं। वे अब घर के खर्च उठाने के लिये किसी की मोहताज नहीं हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित संकल्प शिविरों में पहुंचकर महिलायें अपनी आत्म निर्भरता की कहानी सुना रहीं हैं।

वनांचल नगरी के कांटाकुर्रीडीह की लैलुन साहू बतातीं हैं कि वे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के तहत वर्ष 2016 में समूह से जुड़कर एक लाख का ऋण लीं। इससे वे किराना दुकान संचालित कर रहीं हैं, जिससे प्रतिमाह उन्हें दो हजार रूपये का आय होता है। लैलुन बतातीं हैं कि दुकानदारी के साथ-साथ वे कृषि मित्र का कार्य भी कर रहीं हैं, जिसके तहत समूह की महिलाओं और किसानों को कृषि के नये-नये तकनीक की जानकारी देतीं हैं। वहीं कांटाकुर्रीडीह की ही ममता बतातीं हैं कि वे वर्ष 2016 से बिहान योजना के तहत समूह से जुड़ीं और घर में जरूरत पड़ने पर समूह से ऋण लेकर आर्थिक सहयोग प्रदाय करतीं हैं। ग्राम कुकरेल की नविता साहू बतातीं हैं कि वे राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से वर्ष 2017 में जुड़ीं। उन्होंने समूह से ऋण लेकर अपने बेरोजगार पति की मदद करते हुए उनके लिये आटो सेन्टर खोलीं, जिससे उन्हें हर माह 3 हजार रूपये का आय होता है। नविता बताती हैं कि वे बैंक मित्र का कार्य भी कर रहीं हैं। इसके तहत बैंक में गांव से आने वाले स्व सहायता समूह के सदस्यों को बैंक के कार्य में सहयोग करती हैं, बैंक लेन-देन में सहयोग करती हैं और बैंक के दस्तावेज भरने में समूह की महिलाओं की मदद करती हैं। इसी तरह कुकरेल की युवरानी सिन्हा बताती है कि वे समूह से जुड़कर सिलाई मशीन खरीदी और कपड़ों की सिलाई कर प्रतिमाह डेढ़ हजार रूपये की आमदनी प्राप्त कर रही है।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30 pm., सायं 7.00 to 8.30 pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
रायपुर: 9406004581
बिलासपुर: 7869048192
जड़ से इलाज
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### अयोध्या जाने वालों का पूरा खर्च उठाएगी छत्तीसगढ़ सरकार





**धमतरी।** भाजपा मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु ने बताया कि भगवान राम लला के दर्शन करने जाने वालों का पूरा खर्च छत्तीसगढ़ सरकार उठाएगी। यह घोषणा प्रदेश के धार्मिक न्यास, धर्मस्व, पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने राजधानी के वीआईपी रोड स्थित श्रीराम मंदिर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कही। 25 जनवरी से 25 मार्च तक छत्तीसगढ़ के लोगों के अयोध्या जाने-आने का खर्च छत्तीसगढ़ सरकार उठाएगी। अमन राव महामंत्री भाजपा मंडल आमदी ने बताया कि अयोध्या में राज जन्मभूमि पर बने राम लाल के मंदिर का 22 जनवरी को उद्घाटन होगा। भाजपा सरकार प्रदेश में सनातन धर्म को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।

### जिले में अब तक 3 लाख 28 हजार मीट्रिक टन से अधिक की हुई धान खरीदी



- कस्टम मिलिंग के लिये 123 अरवा एवं 94 उसना मिल पंजीकृत

**धमतरी।** खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर 31 दिसम्बर तक जिले के 100 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से एक लाख 24 हजार 987 पंजीकृत किसानों में से 83 हजार 917 किसानों से कुल तीन लाख 28 हजार 728 मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया गया है। उपार्जित धान के निराकरण हेतु कस्टम मिलिंग कार्य के लिये जिले में 123 अरवा एवं 94 उसना मिल कुल 217 मिल पंजीकृत हैं, जिनके द्वारा धमतरी जिले हेतु 3 लाख 23 हजार 508 मीट्रिक टन एवं अन्य जिले (बालोद, कांकेर, कोण्डागावं, मानपुर-मोहला) के लिये 93 हजार 873 मीट्रिक टन, कुल 4 लाख 17 हजार 381 मीट्रिक टन का डीओ जारी किया गया। खाद्य अधिकारी बीके कोर्राम ने बताया कि जारी डीओ के विरूद्ध जिले से 2 लाख 49 हजार 959 मीट्रिक टन एवं अन्य जिले से 73 हजार 194 मीट्रिक टन, कुल 3 लाख 23 हजार 153 मीट्रिक टन धान का उठाव किया गया है तथा पंजीकृत मिलर्स द्वारा उठाव का कार्य निरंतर किया जा रहा है। जिले के पंजीकृत मिलर्स द्वारा अब तक नागरिक आपूर्ति निगम धमतरी में 34 हजार 498 मीट्रिक टन एवं भारतीय खाद्य निगम धमतरी में 2 हजार 403 मीट्रिक टन, कुल 36 हजार 901 मीट्रिक टन चाचल जमा किया गया है। मिलर्स द्वारा निरंतर नागरिक आपूर्ति निगम एवं भारतीय खाद्य निगम धमतरी में चावल जमा किया जा रहा है।

### भैंसमुंडी में मड़ई मेला 5 को, रिच्छिन माता आयेंगी

**मगरलोड।** नगर पंचायत मगरलोड अंतर्गत भैंसमुंडी में नगरवासियों तथा ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में 5 जनवरी शुक्रवार को मड़ईभाठा मैदान में मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस दौरान करेली छोटी से रिच्छिन माता का आगमन भी होगा। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भानपुरी धमतरी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी घनश्याम साहू ग्रामीण अध्यक्ष व दाऊलाल साहू महासचिव ग्राम विकास समिति ने दी है।

### संबलपुर स्कूल में मनाया गया वीर बाल दिवस

**धमतरी।** वीर बाल दिवस पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर में विविध कार्यक्रम हुए। प्राचार्य शैलेंद्र तरार के नेतृत्व, व्याख्याता प्रमोद शार्दुल व व्यायाम शिक्षक ओंकार पटेल के निर्देशन में स्कूली बच्चों ने मानव श्रृंखला बनाकर ग्रामीणों को वीर बाल दिवस मनाने के उद्देश्य से अवगत कराया। विशेष सभाएं आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई।

## शहर के 500 टी स्टालों में 1.50 लाख कप चाय पी जाते हैं लोग

# हर माह एक करोड़ की चायपत्ती की हो रही खपत

दिलीप देवांगन ▶▶धमतरी

हरिभूमि विशेष



जब से एक चाय बेचने वाला देश का प्रधानमंत्री बना है, तब से चाय की बात कुछ और हो गई है। चाय के शौकीनों की ही नहीं टी स्टालों की संख्या भी काफी बढ़ गई है। शहर के लगभग 500 टी स्टाल, कैफे सहित होटलों में हर रोज करीब 1.50 लाख कप चाय की खपत हो रही है। इससे हर माह 50 हजार किलो चायपत्ती यानी 1 करोड़ रूपए का कारोबार शहर में हो रहा है।

सर्द मौसम और चाय पीने के बढ़ते तलब पर हरिभूमि ने शहर के चाय विक्रेता और दुकानदारों से बातचीत की। शहर के बस स्टैंड, अस्पताल, बैंकों के अलावा मुख्य मार्गों पर 500 से अधिक होटल, कैफे, टी स्टाल का व्यवसाय चलता है। ज्यादातर लोगों की पहली पसंद सामान्य चाय है। लौंग-इलाइची से बनी चाय भी इसमें शामिल है।

रत्नाबांधा रोड में जिला अस्पताल रोड के पास 34 साल से टी स्टाल लगाने वाले डेरहाराम साहू ने बताया कि वह रोजाना 200 कप चाय बेच लेते हैं। आज भी लकड़ी के ईंधन से चाय बनाते हैं। उनके यहां चालक, मजदूर और आम आदमी चाय पीने आते हैं। उनके यहां 5 रुपए कप में चाय बिकती है।

चाय ठेला चलाने वाले पुरूषोत्तम ध्रुव बताते हैं कि शहर में 5 से 6 सौ चाय ठेले, होटल कैफे हैं। सभी दुकानों में कम से कम 200 कप चाय बिक जाती है। शहर में रोजाना 1 लाख कप चाय की खपत होती है। इनके अलावा हर घर में सुबह-शाम लोग चाय पीते हैं।

### 200 से 500 रुपए किलो चायपत्ती की कीमत

दुर्गा प्रोविजन स्टोर्स के संचालक विशाल ने बताया कि शहर में हर रोज चायपत्ती की कितनी खपत होती है। इसका अनुमान लगाया जा सकता है। चायपत्ती की अलग-अलग एजेंसी है। खुली चायपत्ती 25 किलो का पैकेट आता है। खुला चायपत्ती की 8-10 एजेंसियां हैं। खुली चायपत्ती 150 से 250 रुपए किलो तक मिलती है। ब्रांडेड चायपत्ती रेड लेबल, ताजमहल, बाघ बकरी आदि की 8-9 एजेंसियां हैं। शहर में रोजाना 200 किलो चायपत्ती की खपत है। महीने में 1 करोड़ रूपये की चाय की खपत हो रही है।



### 10 से लेकर 40 रुपए तक की चाय

शहर में अमृत तुल्यम के अनेक फ्रैंचाईजी कैफे संचालित हैं। अश्वनी अमृत तुल्यम के संचालक श्री राम रख्यानी ने बताया कि होटलों, टी स्टालों में जहां सामान्य चाय मिलती है, वहीं कैफे में मांग के अनुसार 5 प्रकार की चाय बनाई जाती है। अधिकतर युवा ग्रीन टी, अदरक, लौंग और इलाइची के साथ लेमन और काली चाय पीते हैं। उनके यहां अलग-अलग टेस्ट वाली चाय 10 रुपए से लेकर 40 रुपए कप तक मिलती है।

### अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस

दुनियाभर में चाय उत्पादक देश 15 दिसंबर को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस के रूप में मनाते हैं। बाद में संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के माध्यम से अधिकारिक तौर पर अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र संघ ने 21 मई को अंतर्राष्ट्रीय चाय दिवस घोषित किया है। कुछ जगहों पर अभी 15 दिसंबर को ही चाय दिवस मनाया जाता है।

### ज्यादा चाय पीना सेहत के लिए हानिकारक

जिला अस्पताल के डॉ. संजय वानखेड़े ने बताया कि रोजाना एक से दो कप चाय पी सकते हैं। इससे ज्यादा चाय पीने से नींद न आना, नींद पूरी न होना, कैफिन के अधिक सेवन से पाचन में बाधा आ सकती है। कई केस में चाय अधिक पीने से बेचैनी और सीने में जलन की शिकायत होती है। शुगर के मरीजों के लिए मीठी चाय हानिकारक है।

## कराते में जिले के खिलाड़ियों ने जीते 4 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶बगदेही(धमतरी)



27वीं राष्ट्रीय कराते चैम्पियनशिप का आयोजन 26 से 27 दिसंबर तक बालाजी स्कूल रायपुर में किया गया था। प्रतियोगिता में धमतरी जिले के 9 खिलाड़ियों ने भाग लिया था जिसमें 4 खिलाड़ियों संगीता बघेल ग्राम कोसमर्रा ब्लॉक कुरूद गोल्ड मेडल, श्यामाचरण मरकाम ब्लॉक नगरी सिल्वर मेडल, योगेश कुमार ग्राम बगदेही ब्लॉक कुरूद ब्रांस मेडल, अस्कला नेताम ब्लॉक नगरी ने ब्रांस मेडल प्राप्त किया।

धमतरी के खिलाड़ियों ने कोच सेंसई उपेंद्र प्रधानका आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमेशा उनके मार्गदर्शन पर आगे बढ़ते रहेंगे और सफलता प्राप्त करेंगे। प्रतियोगिता में 12 राज्यों के 600 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान, महाराष्ट्र को द्वितीय स्थान एवं आंध्रप्रदेश को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शिहान वरुण पांडेय राष्ट्रीय महासचिव यूनाइटेड शोटोकान कराते डू इंडिया ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्य रूप से कियोशी एमएम हैदर अली खान प्रेसिडेंट यूनाइटेड शोटोकान कराते डू इंडिया, योगेश अग्रवाल, आकाश विश, सनत राठौर, उपस्थित थे। सभी ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## खिलाड़ियों ने खूब उड़ाए चौके- छक्के



- खेल से होता है नेतृत्व क्षमता का विकास : विधायक ओंकार
- छग के पारंपरिक खेलों को सहेजने का कार्य करें युवा : शरद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम बरारी में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन हुआ। मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरद लोहान ने की। विशिष्ट अतिथि अछोटा जोन कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीवराखन देवांगन, भोलाराम देवांगन, अशोक देवांगन, सरपंच सुनीति मंडावी थे। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन सिखाता है। खेल से ही नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। मानसिक और शारीरिक विकास के लिए खेल बेहद जरूरी है।

विधायक श्री साहू ने प्रतिभागियों से कहा कि प्रतिस्पर्धाओं में जीत को ही अंतिम लक्ष्य मानकर नहीं खेलना चाहिए बल्कि खिलाड़यों को अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के संकल्प के साथ खेल में शामिल होना चाहिए। श्री लोहाना ने कहा कि वर्तमान में क्रिकेट देश के लोकप्रिय खेलों में से एक है। क्रिकेट खेल शहरों के साथ-साथ गांवों में भी आयोजित हो रहा है जिसमें युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। श्री लोहाना ने पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार के छत्तीसगढ़ी ओलंपिक की सराहना करते हुए छत्तीसगढ़ के पारंपरिक एवं सांस्कृतिक खेलों को बचाए रखने युवाओं से अपील की। इस दौरान चितेन्द्र साहू, पारस साहू, अनूप नेताम, धर्मेन्द्र पटेल, अरविंद साहू, इंद्रेश साहू, नोमेश सिन्हा, तेजप्रकाश साहू सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं खेलप्रेमी उपस्थित थे।

## सलोनी के छात्रों ने जाना बैंक में कैसे होता काम



**धमतरी।** छात्रों ने बैंक में खाता-बही मेंटेन करने का तरीका सीखा। उन्होंने जाना किडेबिट-क्रेडिट कैसे होता है। ब्याज, सर्विस चार्ज की गणना करने की विधि भी सीखी। हायर सेकेंडरी स्कूल सलोनी में संचालित व्यवसायिक पाठयक्रम के अंतर्गत ट्रेड बैंकिंग विषय के कक्षा 11वी और 12 वी के छात्रों को 10 दिवसीय इंटर्नशिप कराया गया। कक्षा 11वीं को ओम चॉइस सेंटर और 12 वीं के छात्रों को एचडीएफसी बैंक में इंटर्नशिप कराया गया। यह प्रोग्राम प्राचार्य आर.के. गुप्ता के मार्गदर्शन में सभी पालकों की सहमति से व्यावसायिक प्रशिक्षक करनजीत सिंग रैनो के देखरेख में हुआ। इंटर्नशिप का उद्देश्य विद्यार्थियों को बैंकिंग से संबंधित कार्यों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। इंटर्नशिप में विद्यार्थियों ने वास्तविक कार्य स्थल का अनुभव प्राप्त किया। 10 दिवसीय कार्यक्रम में बेकिंग शाखाओं में होने वाली गतिविधियों की पूर्ण जानकारी शाखा प्रबंधक व स्टाफ द्वारा दी गई।

## श्रम पंजीयन शिविर 6 जनवरी से 4 अप्रैल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

**कलेक्टर ने अधिकारी कर्मचारियों की लगाई ड्यूटी**

कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर श्रम पंजीयन, नवीनीकरण, संशोधन के लिये 6 जनवरी से 4 अप्रैल तक शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसके लिये अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है। श्रम पदाधिकारी ने बताया कि 6 जनवरी को कुरूद के दरबा, 11 जनवरी को धमतरी के पुरी और मगरलोड के मुड़ीभांवर, 12 जनवरी को नगरी के सलोनी, कुरूद के जीजामगांव में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह 17 जनवरी को धमतरी के सिवनीखुर्द, मगरलोड के पठार, 18 जनवरी को कुरूद के भेण्डरवानी, नगरी के बटनहर्रा, 23 जनवरी को धमतरी के भंवरमरा, 24 जनवरी को नगरी के बांसपानी, कुरूद के परखंदा, 30 जनवरी को धमतरी के कोड़ेगांव आर, मगरलोड के सांकरा तथा 31 जनवरी को कुरूद के खैरा तथा नगरी के बनरौद में श्रम पंजीयन शिविर आयोजित किये जायेंगे। 7 फरवरी को धमतरी के ढीमरटिकुर, मगरलोड के डुमरपाली, 8 फरवरी को नगरी के राजपुर, कुरूद के कोकड़ी, 14 फरवरी को धमतरी के डोड़की, मगरलोड के सौंगा, 15 फरवरी को कुरूद कठौली, नगरी के बाजार कुर्रीडीह, 21 फरवरी को धमतरी के सेंचुवा, मगरलोड के झांझरकेरा, 22 फरवरी को कुरूद के बगौद, नगरी के भोथापारा, 28 फरवरी को धमतरी के गुजरा, मगरलोड के मुड़केरा तथा 29 फरवरी को कुरूद के भैंसबोड़ में श्रम पंजीयन शिविर लगाये जायेंगे। 6 मार्च को धमतरी के सरसोंपुरी, मगरलोड के चंदना, 7 मार्च को कुरूद के मुरा, 13 मार्च को धमतरी के भानपुरी, मगरलोड के मोतिमपुर, 14 मार्च को कुरूद के सेलदीप, 20 मार्च को धमतरी के गंगरेल, मगरलोड के परसवानी, 21 मार्च को कुरूद के करगा, नगरी के डोकाल, 28 मार्च को धमतरी के श्यामतराई, मगरलोड के बिरझुली, 29 मार्च को कुरूद के सिवनीकला, नगरी के जबर्रा तथा 3 अप्रैल को धमतरी के भोथली, मगरलोड के भोथा और 4 अप्रैल को कुरूद के सिलौटी में श्रम पंजीयन शिविर आयोजित किये जायेंगे।

## प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्परिणाम को बताया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कृति फाइन आर्ट्स इंस्टीट्यूट एवं ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा आयोजित शीतकालीन कैंप का समापन हुआ। छात्र-छात्राओं मान्या मुंजवानी, लविश मुंजवानी, ओजस सुखवानी, हरगुण छाबड़ा, वंशिका मुंजवानी, मिहिका झवर, अनन्या गुप्ता, अंकित राखेचा, समकित राखेचा, शिवांश शाह, प्रियांश शाह, विराट गुप्ता, आरंभ गुप्ता, हर्षाली गुप्ता ने कागज पर चित्र उकेरकर प्लास्टिक के उपयोग से होने वाले दुष्परिणाम को समझाने का प्रयास किया।

संचालिका जानकी गुप्ता ने कहा कि पॉलीथिन पूरे पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के लिए काफी है। इसे नष्ट होने में एक हजार साल लग जाते हैं। इससे निकलने वाली गैस जानलेवा है। यह खेतों की उर्वरा शक्ति को प्रभावित करती है।

## गुहाननाला में कोया पूनेम गोंडी गाथा का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

गुहाननाला में पांच दिवसीय कोया पूनेम गोंडी गाथा का समापन हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र की विधायक ने अपने उद्बोधन में समाज को संगठित रहने का आह्वान किया। आने वाली पीढ़ी को उचित शिक्षा के साथ संस्कारवान बनाने की अपील की। सामाजिक संस्कृति एवं परंपरा को बनाये रखने की बात कही।

इस अवसर पर मायाराम नागवंशी, सचिन भंसाली, प्रमोद कुंजाम, बिंदा नेताम, कृति मरकाम, रामकुंवर सरपंच, राजाराम मांडवी, रामप्यारी कवाची, घासीराम नेताम, तुलसी मंडावी, बुधराम नेताम मौजूद थे।

## मुनगा पेड़ नहीं काटने वाले 8 परिवारों की पौनी-पसारी बंद



- कुर्रा के आश्रित गांव भोथीपार का मामला
- ग्राम विकास समिति का तुगलकी फरमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

घर के सामने लगे मुनगा पेड़ को नहीं काटने पर गांव के 8 परिवारों का हुक्का पानी बंद करने का मामला जनदर्शन में पहुंचा है। जनदर्शन में पहुंचे पीड़ितों की समस्या सुनने के बाद कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी ने मामले की शिकायत थाना में दर्ज कराने को कहा है।

मामला धमतरी विखं के ग्राम पंचायत कुर्रा के आश्रित ग्राम भोथीपार का है। शिकायत करने कलेक्टोरेट पहुंचे पीड़ित तुकाराम, भागवत राम, तिलकराम, हेमलाल, हेमनाथ साहू, जनक राम, देवव्रत साहू ने बताया कि 8 साल पहले गांव में एनएसएस का शिविर लगा था। इस दौरान कॉलेज के छात्रों ने उनके घरों के सामने मुनगा के पौधे रोपे थे। पेड़ अब बड़ा होकर फलने लगा है। मुनगा पेड़ को लेकर ग्राम भोथीपार की ग्राम विकास समिति को आपत्ति है। 16 दिसम्बर 2023 को गांव में रात्रिकालीन बैठक रखी गई, जिसमें घर के सामने लगे मुनगा पेड़ को काटने के लिए दबाव बनाया गया। ग्राम विकास समिति के फरमान को नहीं मानने पर 8 परिवारों का बायकाट कर दिया गया है। बहिष्कृत लोगों के यहां मजदूर, ट्रेक्टर आदि को काम पर ले जाने से मना कर दिया है। गांव का कोई व्यक्ति उनके घर के चौरा में बैठता है तो उसे भी आर्थिक दंड लिया जाता है। पीड़ितों ने दबंगई करने वाले सदस्यों की नामजद शिकायत कर उचित कार्रवाई की मांग कलेक्टर से की है।

इस संबंध में कुर्रा सरपंच खम्हन साहू का कहना है कि आश्रित गांव का मामला है। वस्तुस्थिति की जानकारी नहीं है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत घर पर ही बना शौचालय

## योगिता को अब नहीं करना पड़ता परेशानियों का सामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में लग रहे संकल्प शिविरों के जरिए शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है, वहीं योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही खुश होकर अपनी कहानी भी सुना रहे हैं। इन्हीं हितग्राहियों से एक कहानी मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम सिंगपुर की श्रीमती योगिता दीवान की है। वे बताती हैं कि पहले उनके घर शौचालय नहीं था, खुले में शौच जाने पर सांप, बिच्छू का डर तो था ही, साथ ही महिला होने की वजह से रात में परेशानियों का सामना भी करना पड़ता था। ऊपर से खुले में शौच की वजह से आसपास फैली गंदगी से बीमारियों का डर भी बना रहता था।

इसी बीच स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत योगिता को शौचालय निर्माण के लिये 12 हजार रूपये की राशि स्वीकृत हुई, जिससे उसने घर पर ही शौचालय बना लिया। श्रीमती योगिता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साधुवाद करते हुए कहती हैं कि शौचालय के बन जाने से अब उसे और उसके परिवार को बरसात के दिनों और रात्रि में भी परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता। वे कहती हैं कि अब बीमारियों का डर भी उन्हें नहीं सताती।

## प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 3 को

**धमतरी।** जिला रोजगार एवं स्व रोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा 3 जनवरी को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उप संचालक पुष्पा चौधरी ने बताया कि कम्पोजिट भवन स्थित जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र के कक्ष क्रमांक 45 में आयोजित इस प्लेसमेंट कैम्प में निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 938 पदों पर भर्ती के लिये साक्षात्कार लिया जायेगा। ऐसे आवेदक जिनकी शैक्षणिक योग्यता पांचवीं, दसवीं, बारहवीं, स्नातक, आईटी, एमबीए एवं कम्प्यूटर (टैली) पास हो, साक्षात्कार में शामिल हो सकते हैं। आवेदकों को सभी शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता प्रमाण पत्र, निवास, जाति, रोजगार कार्यालय का पंजीयन प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ नियत तिथि को उपस्थित होने कहा गया है।







